# डिफेंस कॉरिडोर में 350 करोड़ रुपये निवेश करेगी फेरेटेरो

झांसी/लखनऊ। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) के अंतर्गत झांसी नोड में रक्षा उत्पादन से जुड़ी नामी कंपनी फेरेटेरो 350 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। फेरेटेरो के आगे आने के बाद झांसी नोड में 8100 करोड़ रुपये का निवेश आ चुका है।

झांसी नोड लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट जैसे प्रमुख नोड्स से जुड़ा होने के साथ दिल्ली-कोलकाता से जोड़ने वाले स्वर्णिम चतुर्भुज एक्सप्रेसवे के भी नजदीक है। इसका इसे फायदा मिल रहा है। अभी तक अधिग्रहित 1,087 हेक्टेअर जमीन में से 415 हेक्टेअर जमीन रक्षा इकाइयों को आवंटित की जा चुकी हैं। इनमें भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और ग्लोबल इंजीनियर्स लिमिटेड के बाद फेरेटेरो इंडिया शामिल है।

## बीडीएल और जीईएल के बाद फेरेटरो इंडिया ने दिखाई दिलचस्पी

ग्लोबल इंजीनियर्स लिमिटेड ने नाइट्रो सेल्यूलोज और नाइट्रो ग्लिसरीन के साथ अन्य रक्षा उत्पादन के लिए 2,300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। फेरेटेरो ने एयरक्राफ्ट अरेस्टर बैरियर नेट्स और अन्य रक्षा उपकरणों के निर्माण के लिए 350 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सवर्ण इंफ्राटेल 103 करोड़ के निवेश से ईएमसी शेल्टर और सुरक्षा टावर बनाएगी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश के मुताबिक झांसी नोड को लेकर कई कंपनियों की ओर से दिलचस्पी दिखाई गई है। ब्यूरो